# vk;qDr dk;kZy;] iVuk çeaMy] iVukA
## Jh Ñ".k Lekjd fodkl lfefrA

## n'kgjk egksRlo&2023 ds volj ij **Celebrity Performance** grq çLrko dk vkea=.k **(EOI)**

श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के तत्वाधान में श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल/बापू सभागार, पटना में ‘‘दशहरा महोत्सव–2023’’, दिनांक 17–20 अक्टूबर, 2023 (कुल चार दिन) आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कराया जाना प्रस्तावित है। वैसी संस्था जो मशहूर राष्ट्रीय स्तर के गायक–गायिकाओं, स्टैण्ड–अप कॉमेडियन, कव्वाली एवं नाटक हेतु Celebrity performance के लिए संबंधित कलाकारों से सम्पर्क कर उनके कार्यक्रम की प्रस्तुति श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल/बापू सभागार, पटना में आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव में करा सकते हैं। वे इस प्रकार के कलाकारों के कार्यक्रम हेतु संबंधित कलाकारों/Celebrity performer का नाम (टीम सहित), प्रस्तुत कार्यक्रम/नाटक का विवरणी एवं उसके लिए याचित राशि (कलाकारों का मानदेय, आवागमन, खान–पान एवं रहने की व्यवस्था सहित) के साथ अपना प्रस्ताव सीलबंद लिफाफे में दिनांक 06.10.2023 को अपराह्न 12.30 बजे तक द्वितीय तल, श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में जमा कर सकते हैं।

**नियम एवं शर्तें** :–

1. इसके लिए ऐसी संस्थाओं को इस प्रकार के जिलास्तरीय सरकारी कार्यक्रम का कार्यानुभव होना भी आवश्यक है, जिसके प्रमाण के तौर पर संबंधित कार्यादेश अथवा संबंधित कागजात की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

2. संस्था (Artist Manager) को प्रस्ताव के साथ EMD की राशि के रूप में 10,000/– रू० समिति कार्यालय में चेक/डिमांड ड्रॉफ्ट के रूप में ‘‘श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति (Sri Krishna Smarak Vikas Samiti)’’ के नाम से जमा करना होगा।

3. संस्था (Artist Manager) को प्रस्ताव के साथ अपने संस्था का GST निबंधन की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

4. इन कार्यक्रमों के लिए स्टेज, साउण्ड, लाईट इत्यादि की व्यवस्था श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के द्वारा कराया जायेगा, किन्तु इसके अलावा बैंड, सहयोगी कलाकार, Musical Instruments इत्यादि की व्यवस्था संस्था द्वारा की जायेगी।

5. संस्था द्वारा कलाकार/Celebrity performers के लिए (कलाकारों का मानदेय, आवागमन, खान–पान एवं रहने की व्यवस्था सहित) GST सहित दर समर्पित करना होगा।

FOR REFERENCE ONLY

6. दशहरा महोत्सव–2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए निर्धारित अवधि अर्थात् 3 घंटा तक मुख्य कलाकार/सहायक कलाकार/वाद्य यंत्रों/आर्केस्ट्रा/म्युजिकल ग्रुप इत्यादि की मंच प्रस्तुति उपलब्ध कराने की पूर्ण जिम्मेवारी चयनित संस्था (Artist Manager) की ही होगी।

7. कलाकारों/Celebrity performers के अलावा भी अन्य कलाकारों/Celebrity performers का चयन, समिति द्वारा पारस्परिक सहमति से mutually agreeable दर पर किया जा सकता है।

8. चयनित संस्था (Artist Manager) को राशि का भुगतान अग्रिम के रुप में नहीं की जायेगी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्ति के उपरांत राशि का भुगतान किया जायेगा।

9. चयनित संस्था (Artist Manager) द्वारा दिये गये दर की कुल राशि पर आयकर (TDS) की कटौती करने के उपरांत भुगतान किया जायेगा।

10. सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्राप्त सभी प्रस्तावों को दिनांक 06.10.2023 को अपराह्न 03.30 बजे आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में खोला जायेगा, जिस समय प्रस्ताव समर्पित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

11. इस संबंध में प्रस्ताव समर्पित करने वाले इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था के प्रतिनिधि विशेष जानकारी हेतु दिनांक 29.09.2023 को अपराह्न 01.00 बजे आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में आयोजित बैठक में निश्चित रूप से भाग लेंगे।

12. संस्था (Artist Manager) को DM/SSP/SDO कार्यालय से निर्गत अपना वैध चरित्र प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा। चरित्र प्रमाण पत्र निविदा सूचना के विज्ञापन की तिथि से 6 माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। साथ ही संस्था को इससे संबंधित शपथ–पत्र देना होगा कि उनकी संस्था किसी भी विभाग/संस्थान द्वारा काली सूची (Blacklisted) में नहीं है।

13. इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निम्नांकित मोबाईल नम्बर एवं लैंडलाईन नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

8210955534, 0612–2219956

**नोट :–** प्रस्ताव को वेबसाईट– www.patnadivision.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

FOR REFERENCE ONLY

**संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,**
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार–सह–प्रभारी पदाधिकारी,
श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, पटना।